राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

क्रमांकः–प.14(84) / RSSB / अर्थना / वन विभाग / सीधी भर्ती / 2020 / 1068 दिनांकः– 15/11/22

–:: कार्यालय आदेश ::–

वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती–2022

बोर्ड द्वारा वन विभाग, राजस्थान के लिये वनपाल एवं वनरक्षक सीधी भर्ती परीक्षा–2020 हेतु विज्ञापन संख्या 04/2020 दिनांक 11.11.2020 को जारी किया गया था। बोर्ड द्वारा वनपाल हेतु दिनांक 06.11.2022 एवं वनरक्षक हेतु दिनांक 12.11.2022 एवं 13.11.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। बोर्ड के आदेश दिनांक 24.03.2021 की पालना में इस भर्ती में आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन में **दिनांक 18.11.2022 से दिनांक 27.11.2022 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में स्वयं का नाम, माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सूचनाओं यथा श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म तिथि, लिंग एवं वैवाहिक स्थिति इत्यादि में निर्धारित रू. 300/–का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक के नाम, माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

सचिव